Latest update: 26/07/20 01:00

Charity 1067406

कोरोनावायरस

Reference: www.doctorsoftheworld.org.uk/coronavirus-information/

कोरोनावायरस (कोविड-19) क्या है?

कोविड-19 एक नई बीमारी है जो आपके फेफड़ों, वायुमार्गों और अन्य अंगों को प्रभावित कर सकती है



यह कोरोनावायरस कहे जाने वाले एक वायरस से होती है



लक्षण



तेज़ बुखार हो (>38°C)



कोई नई, लगातार खाँसी आ रही हो



स्वाद या गंध की अपनी सामान्य चेतना (सूँघने की शक्ति का नाश) का नुकसान, या उसमें परिवर्तन हो

यदि आपमें लक्षण हों तो क्या करें?

आपको यथाशीघ्र इन चरणों का पालन करना चाहिए:

1. खुद को अलग कर लें

कम से कम **10** दिनों तक अपने घर पर रहें

आपके घर में किसी और को या आपसे निकट संपर्क रखने वाले किसी व्यक्ति को खुद को **10** दिनों के लिए अलग कर लेना चाहिए



2. लक्षण होने के शुरूआती पाँच दिनों के अंदर कोरोनावायरस की जाँच कराएं



आप या तो अपने रहने के स्थान पर परीक्षण करा सकते हैं



या आप परीक्षण साइट पर जा सकते हैं

कोरोनावायरस की जाँच कराएं



परीक्षण बुक कराने या इसे ऑनलाइन ऑर्डर करने के लिए www.nhs.uk/ask-for-a-coronavirus-test पर जाएं



यदि आपके पास ऑनलाइन अक्सेस न हो, तो इंग्लैंड, वेल्स एवं उत्तरी आयरलैंड में 119 पर या स्कॉटलैंड में 0800 028 2816 पर कॉल करें

यदि परीक्षण के परिणाम सकारात्मक हो

- आपको अपने शेष दस-दिन अलग रहकर पूरा करने होंगे
- आपके क्षेत्र में वायरस के और प्रसार को रोकने में आपकी सहायता मांगने के लिए खोज सेवा आपसे संपर्क करेगी

यदि परीक्षण परिणाम नकारात्मक हो

- यदि आप अच्छा महसूस कर रहे हों और अब आपमें लक्षण न हों, तो आप अलग रहना बंद कर सकते हैं
- आपके घर के दूसरे सदस्य या जिनका आपसे निकट संपर्क रहा है, वे भी अलग रहना बंद कर सकते हैं